महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय

मोतिहारी, पूर्वी चंपारण, बिहार-845401

वार्षिक पत्रिका सूचना

महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार के सभी विद्यार्थियों / शिक्षकों को सूचित किया जाता है कि माननीय कुलपति महोदय प्रो. संजीव कुमार शर्मा के स्नेहिल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की वार्षिक-पत्रिका इस वर्ष से प्रारंभ की जा रही है। वार्षिक-पत्रिका 2019-20 का पहला अंक 'गांधी अंक' होगा। यह वार्षिक-पत्रिका विद्यार्थियों / शिक्षकों की साहित्यिक एवं लेखन-अभिरुचियों के मद्‌देनज़र प्रारंभ की जा रही है। विद्यार्थी अपनी रचनाएं दिनांक 20 अगस्त 2020 तक पत्रिका की ई-मेल patrika@mgcub.ac.in पर भेज सकते हैं। रचनाएं ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं समसामयिक विषयों पर आधारित हों।

रचनाओं से संबंधित कुछ महत्त्वपूर्ण बातें निम्नलिखित हैं -

1. रचना स्वरचित होनी चाहिए।
2. रचनाकार रचना के नीचे उसे स्वरचित होने को प्रमाणित भी करे।
3. आलेख 1500 शब्दों से अधिक न हो।
4. रचना ई-मेल करते समय विद्यार्थी अपना नाम, कक्षा, अनुक्रमांक और मोबाईल नंबर स्पष्ट लिखें।
5. विद्यार्थी रचना के साथ अपना पासपोर्ट साईज का एक फोटो भी ई-मेल करें और उस पर नीचे की ओर नाम, कक्षा और अनुक्रमांक भी लिखा हो।
6. रचनाएं संबद्ध विषय पर आलेख, कविता, संस्मरण, कहानी, लघुकथा और रेखाचित्र आदि रूपों में हो सकती है।

- प्रो. राजेन्द्र सिंह

मुख्य संपादक